Roll. No. .........................

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# B.A. (Part-II) EXAMINATION, 2022

## HINDI LITERATURE

### [ Paper : First ]

### ( Aadhunik Hindi Kavya )

| Paper Code | | | |
|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 5 | 8 |

| Question Booklet Series |
|---|
| A |

**Time : 2 : 00 Hours** **Max. Marks : 50**

---

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer all 100 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions are of equal value.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को सभी 100 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। प्रत्येक प्रश्नो के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. महान युग प्रवर्तक आचार्य पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी के नाम पर किस युग को जाना जाता है?

(A) द्विवेदी युग

(B) शुक्ल युग

(C) छायावाद युग

(D) प्रगतिवाद

2. 'साकेत' एक है :

(A) खण्डकाव्य

(B) महाकाव्य

(C) चम्पू काव्य

(D) इनमें से कोई नहीं

3. 'कामायनी' में कुल कितने सर्ग हैं?

(A) 12 सर्ग

(B) 13 सर्ग

(C) 14 सर्ग

(D) 15 सर्ग

4. छायावाद का प्रवर्तक कवि कौन है?

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) सुमित्रानन्दन पन्त

(D) महादेवी वर्मा

5. महादेवी वर्मा ने मैथिलीशरण गुप्त पर किस नाम से संस्मरण लिखा?

(A) दद्दा

(B) बाबा

(C) पिताश्री

(D) पथप्रेरक

6. आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य किसे मानते हैं?

(A) साकेत को

(B) प्रियप्रवास को

(C) कामायनी को

(D) वैदेही वनवास को

7. 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' गीत किसने लिखा है?

(A) महादेवी वर्मा

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) सुमित्रा कुमारी सिन्हा

(D) शकुन्तला माथुर

8. 'नहीं गाया जाता अब देव थकी,
उँगली है, ढ़ीले तार,
विश्व लीला में अपनी आज,
मिटा लो यह अस्फुट झंकार।'

किस काव्य-रचना से संकलित पंक्तियाँ हैं?

(A) रश्मि

(B) नीरजा

(C) नीहार

(D) यामा

9. आधुनिक युग की 'मीरा' किसे कहते हैं?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान

(B) सुमित्रा कुमारी सिन्हा

(C) महादेवी वर्मा

(D) मिथलेश कुमारी

10. 'कामायनी' का दर्शन है :

(A) अरविन्द दर्शन

(B) शैव दर्शन

(C) चार्वाक दर्शन

(D) सांख्य दर्शन

11. "मैं भी हूँ सोचता जगत् से,

कैसे उठे जिज्ञासा,

किस प्रकार फैले पृथ्वी पर,

करुणा प्रेम अहिंसा।"

'दिनकर' जी की किस कृति की पंक्तियाँ हैं?

(A) कुरुक्षेत्र

(B) उर्वशी

(C) हुँकार

(D) रेणुका

12. प्रकृति के क्षेत्र में पन्त पर किस अंग्रेजी भाषा के कवि का प्रभाव पड़ा?

(A) जेम्स टॉड

(B) वर्ड्सवर्थ

(C) कर्नल टॉड

(D) रूसो

13. "राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है,

कोई कवि बन जाये सहज सम्भाव्य है।"

यह किसका अंश है ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त के 'साकेत' का

(B) जयशंकर प्रसाद के 'कामायनी' का

(C) महादेवी वर्मा के 'गौरा' का

(D) सुमित्रानन्दन पन्त के 'स्वर्ण किरण' का

14. "करुणे क्यों रोती है? उत्तर में और अधिक तू रोई।" यह पंक्ति साकेत के किस सर्ग की है?

(A) नवम् सर्ग

(B) दशम् सर्ग

(C) प्रथम सर्ग

(D) अष्टम् सर्ग

15. 'कामायनी' शब्द का अर्थ है :

(A) कामगोत्रजा

(B) कामकाजी

(C) कामदेव के समान सुन्दर नेत्रों वाली

(D) इनमें से कोई नहीं

16. "वेदना और सहानुभूति से युक्त काव्य छायावाद है।" यह किसने कहा है?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) निराला

(C) पन्त

(D) महादेवी वर्मा

17. 'निराला' पर लिखी गयी जीवनी का क्या नाम है?

(A) 'निराला' की साहित्य साधना

(B) 'निराला' का जीवन परिचय

(C) 'स्वर्ण' की शक्ति पूजा

(D) 'मानव' की शक्ति पूजा

18. निम्न में कौन-सी रचनाएँ 'पन्त' की नहीं हैं?

(A) वीणा, ग्रन्थि, पल्लव

(B) युगान्त, युगवाणी, युगपथ

(C) हिंडोला, हिडिम्बा, अर्चना

(D) गुंजन, स्वर्णकिरण, उत्तरा

19. मेरे पास कवि की वाणी है, कलाकार के हाथ, पहलवान की छाती और दार्शनिकों के पैर हैं - यह किसने कहा है ?

(A) निराला

(B) पन्त

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) दिनकर

20. 'महाप्राण' शब्द किस छायावादी कवि के लिये प्रयुक्त हुआ है?

(A) प्रसाद

(B) पन्त

(C) महादेवी वर्मा

(D) निराला

21. 'वेदना का यही वास्तविक रूप है', इसमें है :

(A) विरोधाभाष अलंकार

(B) रूपक अलंकार

(C) उपमा अलंकार

(D) पुनरुक्ति अलंकार

22. 'कुरुक्षेत्र' रचना किस दर्शन से प्रभावित है ?

(A) मार्क्सवादी

(B) प्रगतिवादी

(C) पूँजीवादी

(D) इनमें से कोई नहीं

23. हिन्दी साहित्य की अनवरत सेवा के लिए भारत सरकार ने 'पन्त' जी को किस पुरस्कार से अलंकृत किया?

(A) पद्मभूषण

(B) साहित्य अकादमी

(C) भारतीय ज्ञानपीठ

(D) इनमें से कोई नहीं

24. "खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी" - प्रसिद्ध पंक्ति किस कवयित्री की रचना की है?

(A) सरोजिनी नायडू

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) महादेवी वर्मा

(D) इनमें से कोई नहीं

25. "वर दे वीणावादिनी वर दे" सरस्वती वन्दना किस कवि द्वारा रचित है?

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) महादेवी वर्मा

26. हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ 'शोकगीत' का क्या नाम है?

(A) परिमल

(B) सरोज स्मृति

(C) राम की शक्ति पूजा

(D) कुकुरमुत्ता

27. ''नील परिधान बीच सुकुमार,
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग''
में कवि ने किसके सौन्दर्य का वर्णन किया है?

(A) श्रद्धा
(B) इड़ा
(C) यशोधरा
(D) इनमें से कोई नहीं

28. इनमें से 'कामायनी' क्या है?

(A) खण्डकाव्य
(B) मुक्तक काव्य
(C) नीतिकाव्य
(D) महाकाव्य

29. 'साकेत' का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण सर्ग है :

(A) प्रथम सर्ग
(B) नवम् सर्ग
(C) चतुर्थ सर्ग
(D) दशम् सर्ग

30. 'छायावाद' का समय कब से कब तक माना जाता है?

(A) सन् 1918 से 1936 तक
(B) सन् 1931 से 1950 तक
(C) सन् 1903 से 1920 तक
(D) सन् 1936 से 1943 तक

31. हिन्दी में 'तुलसीकृत रामचरितमानस' के समकक्ष कौन-सा काव्य ठहरता है?

(A) साकेत
(B) द्वापर
(C) पंचवटी
(D) यशोधरा

32. 'साकेत' में कुल कितने सर्ग हैं?

(A) 5
(B) 7
(C) 9
(D) 12

33. 'छायावाद' में विद्रोही कवि किसे माना जाता है?

(A) अज्ञेय को
(B) पन्त को
(C) दिनकर को
(D) निराला को

34. निम्न में से कौन-सी रचनाएँ 'निराला' जी की नहीं हैं?

(A) अपरा, सान्ध्य कली, जूही की कली
(B) शीतकुँज, अर्चना
(C) तुलसीदास, आराधना
(D) वीणा, ग्रन्थि

35. "नारी तुम केवल श्रद्धा हो,

विश्वास रजत नग पग तल में।"

ये पंक्ति कामायनी के किस सर्ग से उद्धृत है?

(A) चिन्ता

(B) लज्जा

(C) इड़ा

(D) श्रद्धा

36. 'पन्त' जी किस काव्यधारा के कवि हैं?

(A) छायावादी

(B) द्विवेदीयुगीन

(C) नई कविता

(D) इनमें से कोई नहीं

37. प्रारम्भ में महादेवी जी ने किस भाषा में लिखना प्रारम्भ किया?

(A) खड़ीबोली

(B) अवधी में

(C) भोजपुरी में

(D) ब्रजभाषा में

38. 'ओज और पौरुष' का कवि किसे कहा जाता है?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(C) अज्ञेय

(D) दिनकर

39. 'कुरुक्षेत्र' में कुल कितने सर्ग हैं?

(A) 7

(B) 9

(C) 8

(D) 6

40. किस अखबार के संवाददाता ने 'सुभद्रा जी' को 'लोकल सरोजिनी' की संज्ञा दी?

(A) टाइम्स ऑफ इण्डिया

(B) पंजाब केसरी

(C) हिन्दुस्तान टाइम्स

(D) टाइगर्स ऑफ इण्डिया

41. 'निराला' रचित 'राम की शक्ति पूजा' में राम ने किस शक्ति की पूजा की है?

(A) लक्ष्मी की

(B) दुर्गा की

(C) सरस्वती की

(D) सीता की

42. 'पन्त' जी की प्रथम रचना कौन-सी है?

(A) ग्राम्या

(B) वीणा

(C) युगान्त

(D) स्वर्ण किरण

43. "वियोगी होगा पहला कवि,

आह से निकला होगा गान"

पंक्ति किस कवि द्वारा रचित है?

(A) सुमित्रानन्दन पन्त

(B) वियोगी हरि

(C) निराला

(D) मुकुटधर पांडेय

44. 'कुकुरमुत्ता' क्या है?

(A) कविता

(B) उपन्यास

(C) कहानी

(D) निबन्ध

45. "वह अभी पशु है, निरा पशु,

हिंसा रक्त पिपासु।"-

यह 'दिनकर' के किस काव्य की पंक्ति है?

(A) हुँकार

(B) रेणुका

(C) उर्वशी

(D) कुरुक्षेत्र

46. 'कामायनी' का प्रतिपाद्य क्या है?

(A) आनन्दवाद

(B) मनु-श्रद्धा आख्यान

(C) देवताओं के विलाप का चित्रण

(D) इनमें से कोई नहीं

47. "वीरों का कैसा हो बसन्त" नामक कविता किस कवयित्री द्वारा लिखी गई है?

(A) सरोजिनी नायडू

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) महादेवी वर्मा

(D) इनमें से कोई नहीं

48. 'कामायनी' किस प्रकार का महाकाव्य है?

(A) नायक प्रधान

(B) नायिका प्रधान

(C) घटना प्रधान

(D) इनमें से कोई नहीं

49. 'छायावाद' के 'चार स्तम्भ' कौन-कौन से हैं?

(A) प्रसाद, पन्त, निराला, मैथिलीशरण गुप्त

(B) अज्ञेय, पन्त, प्रसाद, महादेवी वर्मा

(C) महादेवी वर्मा, निराला, अज्ञेय, गुप्त

(D) प्रसाद, पन्त, निराला, महादेवी वर्मा

50. 'साकेत' की रचना का मूल उद्देश्य क्या है?

(A) देशप्रेम

(B) उर्मिला को महत्त्व देना

(C) रामकथा का चित्रण

(D) उपरोक्त सभी

51. "अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी,
आँचल में है दूध और आँखों में पानी।"
यह पंक्ति किसकी है?
(A) सियारामशरण गुप्त
(B) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) मैथिलीशरण गुप्त

52. 'मैथिलीशरण गुप्त' का कौन-सा काव्य 'राष्ट्रीयता' से सम्बन्धित है?
(A) अनघ
(B) भारत-भारती
(C) काबा और कर्बला
(D) पंचवटी

53. किसकी आवाज सुनकर संतप्त विश्व प्रसन्न होता है?
(A) बदली
(B) नभ
(C) दीपक
(D) बिजली

54. 'दिनकर' जी को किस रचना पर भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
(A) कुरुक्षेत्र
(B) हुँकार
(C) रेणुका
(D) उर्वशी

55. 'महादेवी' जी के 'काव्य' में किस तत्त्व की प्रधानता है?
(A) वेदना
(B) दुःखवाद
(C) रहस्यवाद
(D) उपरोक्त सभी

56. 'कोमल कल्पनाओं' का कवि किसे कहा जाता है?
(A) श्रीधर पाठक
(B) मुकुटधर पांडेय
(C) रामनरेश त्रिपाठी
(D) सुमित्रानन्दन पन्त

57. 'पन्त' जी की रचनाएँ किस दर्शन से प्रभावित नहीं हैं?
(A) गाँधीवाद
(B) मार्क्सवाद
(C) अद्वैतवाद
(D) अरविन्द दर्शन

58. 'दिनकर' जी किस विश्वविद्यालय के कुलपति रहे?
(A) पटना विश्वविद्यालय
(B) भागलपुर विश्वविद्यालय
(C) दिल्ली विश्वविद्यालय
(D) आगरा विश्वविद्यालय

59. "इन्हें छोड़ वन में जाकर तुम,
कौन शान्ति पाओगे,
चेतन की सेवा तज,
जड़ को कैसे अपनाओगे।"
कुरुक्षेत्र में उपरोक्त पंक्तियाँ किसके द्वारा कही गयी हैं?
(A) भीष्म पितामह
(B) कृष्ण
(C) अर्जुन
(D) युधिष्ठिर

60. ‘सुभद्रा जी’ को कौन-सा पुरस्कार मिला?

(A) सेकसरिया

(B) पद्मभूषण

(C) भारत रत्न

(D) अकादमी पुरस्कार

61. निम्न में से कौन-सी रचना ‘महादेवी जी’ की नहीं है?

(A) यामा

(B) पल्लव

(C) नीरजा

(D) निहार

62. ‘कामायनी’ का रचनाकाल क्या है?

(A) सन् 1907

(B) सन् 1996

(C) सन् 2000

(D) सन् 1936

63. ‘महादेवी जी’ ने किस पत्रिका का सम्पादन किया?

(A) सरस्वती

(B) हिन्दी प्रदीप

(C) चाँद

(D) इन्दु

64. ‘छायावादी’ काव्य की प्रमुख भाषा क्या थी?

(A) अवधी

(B) खड़ी बोली

(C) ब्रजभाषा

(D) उर्दू

65. ‘‘आ अभाव की एक आत्मजे और अदृष्ट जनीं’ यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) राम सिंह

66. मैथिलीशरण गुप्त की किस कृति पर उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि मिली?

(A) जय भारत

(B) भारत-भारती

(C) संकार

(D) द्वापर

67. ‘‘छायावाद ने महादेवी को जन्म दिया और महादेवी ने छायावाद को जीवन।’’

उक्त कथन किसका है?

(A) पं. विनय मोहन शर्मा

(B) डा. नगेन्द्र

(C) डा. नामवर सिंह

(D) आचार्य शुक्ल

68. इनमें से कौन-सी रचनाएँ 'दिनकर' की नहीं हैं?

(A) रेणुका, हुँकार

(B) रश्मिरथी, सामधेनी

(C) कुरुक्षेत्र, रसवन्ती

(D) नीरजा, बेला

69. " मैं भूल गया अस्तित्व-ज्ञान,

जीवन का यह शाश्वत् प्रमाण,

करता मुझको अमरत्व-दान।"

किस कविता की पंक्तियाँ हैं?

(A) परिवर्तन

(B) मौन निमंत्रण

(C) नौका विहार

(D) इनमें से कोई नहीं

70. "धिक् जीवन जो पाता ही आया है विरोध" - यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) अज्ञेय

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) निराला

(D) दिनकर

71. 'पन्त' के महाकाव्य का नाम बताइए :

(A) लोकायतन

(B) चिदम्बरा

(C) उत्तरा

(D) स्वर्णधूलि

72. निम्न में से 'निराला' की लम्बी कवितायें कौन-सी हैं?

(A) राम की शक्ति पूजा

(B) सरोज स्मृति

(C) कुकुरमुत्ता

(D) उपरोक्त सभी

73. आज का 'मनुष्य' किस मार्ग से भटक गया है?

(A) मनुष्यता के मार्ग से

(B) प्रेम के मार्ग से

(C) धर्म के मार्ग से

(D) दया के मार्ग से

74. 'दिनकर' जी किस प्रकार के कलाकार हैं?

(A) भावनावादी

(B) प्रकृतिवादी

(C) मनुष्यतावादी

(D) विलक्षण मानवतावादी

75. 'साकेत' की नायिका कौन है?

(A) सीता

(B) माण्डवी

(C) उर्मिला

(D) सुमित्रा

76. 'महादेवी वर्मा' द्वारा सम्पादित पत्रिका कौन-सी है?

(A) चाँद

(B) हेमराजा

(C) तारा

(D) प्रसाद

77. ‘आज रात इससे परदेसी, चल कीजे विश्राम यही।’

‘जो कुछ वस्तु कुटी में मेरे, करो गृहण संकोच नहीं।’

उक्त पंक्तियाँ किसके द्वारा कही गई हैं?

(A) श्रीधर पाठक

(B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) नवीन शर्मा

78. माखनलाल चतुर्वेदी किस उपनाम से कविता किया करते थे?

(A) मतवाला

(B) निराला

(C) एक भारतीय आत्मा

(D) इनमें से कोई नहीं

79. बालकृष्ण शर्मा ‘नवीन’ कौन-सी भावनाओं को जागृत करने वाले महान् देशभक्त थे?

(A) भक्ति

(B) राष्ट्रीय

(C) राज्य

(D) प्रेम

80. ‘दिनकर’ जी ने कुरुक्षेत्र के छठे सर्ग में किस समस्या का वर्णन किया है?

(A) पश्चाताप

(B) युधिष्ठिर का मनःस्ताप

(C) युद्ध दर्शन की मीमांसा

(D) आधुनिक युग की समस्यायें

81. निम्न में ‘श्रीधर पाठक’ जी की मौलिक रचनायें हैं :

(A) वनाष्टक

(B) कश्मीर सुषमा

(C) भारत-गीत

(D) उपरोक्त सभी

82. खड़ी बोली के ‘प्रथम’ समर्थ कवि के रूप में कौन माने जाते हैं?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) श्रीधर पाठक

(D) नवीन शर्मा

83. ‘‘मैंने हँसना सीखा है, मैं नहीं जानती रोना’’, यह रचना किसकी है?

(A) रहीम

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) कृपाराम

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

84. ‘जबलपुर’ का सबसे पहला ‘सत्याग्रह’ कौन-सा था?

(A) वस्त्र सत्याग्रह

(B) नमक सत्याग्रह

(C) लोक सत्याग्रह

(D) झण्डा सत्याग्रह

85. 'साकेत' का अर्थ क्या है?

(A) काशी

(B) अयोध्या

(C) मथुरा

(D) सरयू

86. "द्रुत झरो जगत् के जीर्ण पत्र" के रचनाकार का नाम बताइए :

(A) नागार्जुन

(B) रघुवीर सहाय

(C) पन्त

(D) अज्ञेय

87. 'सुभद्रा जी' किसकी सदस्य रहीं?

(A) उत्तर प्रदेश पंचायत

(B) मध्य प्रदेश विधानसभा

(C) बिहार विधानसभा

(D) पटना अध्यक्ष

88. वर्तमान हिन्दी गद्य में 'साहित्य देवता' के नाम से कौन विख्यात है?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) प्रो. शरत् चन्द

(D) श्रीकान्त जोशी

89. 'श्रीधर पाठक' किस युग के साहित्यकार हैं?

(A) छायावादी

(B) प्रगतिवादी

(C) प्रयोगवादी

(D) इनमें से कोई नहीं

90. "अल्मोड़े का वसन्त" कविता के रचयिता कौन हैं?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) सुमित्रानन्दन पंत

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(D) महादेवी वर्मा

91. हिन्दी का पहला 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार किस कृति को मिला?

(A) हिम किरीटनी

(B) हिम तरंगिणी

(C) युगचरण

(D) समर्पण

92. 'कामायनी' की नायिका कौन है?

(A) श्रद्धा

(B) इड़ा

(C) यशोधरा

(D) शकुन्तला

93. 'श्रीधर पाठक' जी के बंगले का क्या नाम था?

(A) राजकोट

(B) पद्मकोट

(C) साहित्य भवन

(D) कुमकुम

94. 'दिनकर' का अर्थ क्या होता है?

(A) चन्द्रमा

(B) सूर्य

(C) किरण

(D) तारा

95. 'प्रसाद' जी के विरह काव्य का नाम बताइए :

(A) झरना

(B) आँसू

(C) कामायनी

(D) इनमें से कोई नहीं

96. 'मैथिलीशरण गुप्त' को 'साकेत' की प्रेरणा कहाँ से मिली?

(A) सरस्वती से

(B) उर्मिलाविषयक उदासीनता से

(C) महात्मा गाँधी से

(D) भारत-भारती से

97. 'पन्त' जी के बचपन का क्या नाम था?

(A) गुसाईं दत्त

(B) सत्यकाम

(C) चिदम्बरा

(D) लोकायतन

98. 'पन्त' जी की किस रचना को छायावाद का मैनीफेस्टो कहा जाता है?

(A) वीणा

(B) गुंजन

(C) पल्लव

(D) इनमें से कोई नहीं

99. 'विप्लव गान' या 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ' के रचयिता का नाम बताइए :

(A) उर्मिला

(B) अज्ञेय

(C) प्रसाद

(D) नवीन जी

100. 'सुभद्रा जी' किस रस की कवयित्री हैं?

(A) श्रृंगार रस

(B) वीर रस (ओज गुण)

(C) हास्य रस

(D) वीभत्स रस

रफ कार्य

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

5. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

6. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

7. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

8. There will be no negative marking.

9. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

10. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

11. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

**उदाहरण :**

**प्रश्न :**

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

5. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

6. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

7. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

8. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

9. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

10. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

11. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**